# मंत्री के विधानसभा में बदहाल शिक्षा व्यवस्था

## मेहरागांव की प्राथमिक शालाओं पर मंडरा रहा हादसे का खतरा

**नवभारत/ साईखेड़ा।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के विधानसभा क्षेत्र में ही सरकारी विद्यालयों की बदहाल स्थिति शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। जनपद पंचायत साईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मेहरागाँव के प्राथमिक शाला बाजार मोहल्ला, प्राथमिक शाला ढोंगा मोहल्ला तथा हाई स्कूल भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में हैं। बरसात के मौसम में इन भवनों में अध्ययनरत मासूम बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा भगवान भरोसे बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक



कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय भवनों की छतों से लगातार पानी टपक रहा है, जबकि दीवारों में गहरी दरारें पड़ चुकी हैं। भवन का एक हिस्सा सड़क की ओर झुक गया है, जिससे उसके कभी भी धराशायी होने की आशंका बनी हुई है। अभिभावकों का कहना है कि वे रोज अपने बच्चों को भय और चिंता के बीच स्कूल भेजते हैं, क्योंकि हर समय किसी अनहोनी का डर बना रहता है। विद्यालयों की जर्जर स्थिति का सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार कक्षा पहली से छठवीं तक के विद्यार्थियों को एक ही कमरे के अलग-अलग कोनों में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। इससे न तो बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल पा रहा है और न ही शिक्षक प्रभावी ढंग से अध्यापन कर पा रहे हैं।

### विद्यालयों की बदहाल स्थिति

शिक्षा सत्र में भी विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या अपेक्षा से कम बताई जा रही है, जिसका प्रमुख कारण विद्यालयों की बदहाल स्थिति मानी जा रही है। विद्यालय परिसर में मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। बच्चों के खेलने के लिए पर्याप्त मैदान नहीं है, जबकि शौचालय साफ-सफाई के अभाव में उपयोग योग्य नहीं हैं। इसका सबसे अधिक असर छात्राओं पर पड़ रहा है।



## नर्मदा इको क्लब ने किया पौधरोपण

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नर्मदा इको क्लब शासकीय विद्यालय इमझिरा के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सीमा मिश्रा एवं इको क्लब प्रभारी राकेश पटैल की उपस्थिति में छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधे लगाएं हम सभी प्रकृति की रक्षा हेतु अधिक से अधिक पौधे लगाएँ और उनका संरक्षण करें।

# साइबर सुरक्षा को लेकर एसडीओपी से चर्चा

▶ किसी को मत बताना, ठगी हो जाए तो 1930 तुरंत डायल करना

**नवभारत/गोटेगांव।** डिजिटल युग में साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस प्रशासन अब जनता को जागरूक करने में जुटा है। नरसिंहपुर जिला के गोटेगांव एसडीओपी कार्यालय में नव भारत संवाददाता आशीष साहू ने एसडीओपी मनीष त्रिपाठी से साइबर सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की। एसडीओपी ने बताया कि साइबर ठग आजकल फर्जी कॉल, लिंक, लॉटरी, फ्री गिफ्ट और हथकंडों के जरिए लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं। एक छोटी सी लापरवाही से मेहनत की कमाई पल भर में खाली हो जाती है।




### एसडीओपी मनीष त्रिपाठी का सीधा संदेश

- OTP और बैंक डिटेल शेयर न करें - बैंक या पुलिस कभी फोन पर OTP, CVV नहीं मांगती।
- अंजान लिंक पर क्लिक न करें - व्हाट्सएप, SMS पर आए लिंक से पहले 2 बार सोचें।
- लालच में न आएं - फ्री गिफ्ट, लॉटरी, इनाम के नाम पर होने वाली ठगी से बचें।
- जानकारी गुप्त रखें - सोशल मीडिया पर बैंकिंग और पर्सनल डिटेल शेयर न करें।

### एक नजर में

#### करेंट लगने से महिला की दर्दनाक मौत

**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समीपी ग्राम पीपरवानी पान में घर में रखे एक कूलर से करेंट लग जाने से 48 वर्षीय महिला हेमलता रैकवार पति धर्मदास रैकवार की दर्दनाक मौत हो गई।करेंट लगने के तत्काल बाद महिला को अचेत अवस्था में तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डाक्टरों ने देखकर उसे मृत घोषित कर दिया।

#### नामांकन कार्य में तेजी लाने निर्देश

**तेंदूखेड़ा।** शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण यूडाइस प्लस पोर्टल में आवश्यक सुधार एवं नवीन नामांकन कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। हमारे प्रतिनिधि को वीआरसी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 10 जुलाई को विखं चांवरपाठा में जिला कलेक्टर की समीक्षा बैठक को देखते हुए सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों को बैठक से पूर्व सभी लंबित कार्य पूर्ण करने के लिए कहा गया है। विभाग के अनुसार नर्सरी से कक्षा12वीं तक प्रत्येक विद्यार्थी की अपार आईडी बनाना जरुरी है।इसके लिए विद्यार्थियों केआधार कार्ड विद्यालयअभिलेख एवं यूडाइस प्लस पोर्टल में दर्ज नाम जन्म तिथि एवं अन्य विवरणों का मिलान कर आवश्यक सुधार किए जा रहे हैं।

#### नहीं रहीं पंडवानी गायिका तीजन बाई

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस पद्मभूषण विभूषित पंडवानी गायिका तीजन बाई का निधन हो जाने पर तेंदूखेड़ा से उनकी गायकी से जुड़े शुभचिंतकों ने श्रंद्धाजलि अर्पित की है।वर्ष 1998 में तेंदूखेड़ा में एक कार्यक्रम के दौरान यहां पर आगमन हुआ था। क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार पं ओमप्रकाश पाठक ने उनके निधन को लेकर अपूर्णीय क्षति बताया है।

# साईंखेड़ा में बढ़ रही चोरी की वारदात

**नवभारत/ साईंखेड़ा।** दादाजी धूनी वालों की नगरी साईंखेड़ा में इन दिनों चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी से व्यापारियों और आम नागरिकों में चिंता का माहौल है। नगर में हो रही लगातार चोरियों के चलते लोगों ने पुलिस की रात्रिकालीन गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। बीती रात नगर के एक गल्ला व्यापारी की दुकान के सामने खड़े ट्रैक्टर से अज्ञात चोर बैटरी चोरी कर ले गए। बताया जा रहा है कि चोर एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार से आए थे और पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद व्यापारी एवं आसपास के लोगों में नाराजगी देखी गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर में रात्रि के समय



पुलिस की नियमित गश्त दिखाई नहीं देती। लोगों का आरोप है कि न तो डायल-112 वाहन की प्रभावी पेट्रोलिंग होती है और न ही पुलिस द्वारा समय-समय पर फ्लैग मार्च निकाला जाता है। इसी कारण असामाजिक तत्वों और चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। नगरवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थों, विशेषकर स्मैक के अवैध कारोबार की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। लोगों का कहना है कि ऐसे मामलों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है और कानून-व्यवस्था प्रभावित हो रही है। नगर के व्यापारियों एवं नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि रात्रिकालीन गश्त बढ़ाई जाए, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बैटरी चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा किया जाए तथा चोरी और नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई कर नगर में सुरक्षा का माहौल सुनिश्चित किया जाए।

# स्टेशन शनिदेव मंदिर में पोहा-लड्डू का प्रसाद वितरित

**नवभारत/ गोटेगांव।** धार्मिक आस्था और सामाजिक सेवा का अनूठा संगम शनिवार को श्रीधाम रेलवे स्टेशन परिसर में देखने को मिला। जन एकता गौ सेवा समिति द्वारा स्टेशन परिसर स्थित शनिदेव भगवान की विशेष पूजा-अर्चना कर पोहा-लड्डू का प्रसाद भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में यात्रियों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का आयोजन राजेन्द्र, सुशीला एवं अन्य धर्मप्रेमी दानदाताओं के सहयोग से किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि शनिदेव से प्रार्थना की गई कि वे सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें और क्षेत्र में सुख-शांति बनाए रखें। इस अवसर पर राजेश राजू चौकसे लालसाव



पटेल कैलाश केदार दुवे बृजेश पटेल कमल राजपूत गोली चौधरी, गुड्डा रजक राजकुमार पारवती सिलाबट सुमता ठाकुर चेतराम चेतन नगर अध्यक्ष दीपक ठाकुर उपाध्यक्ष दशरथ सिलाबट, देवेन्द्र प्रजापति सुमित राय नीरज राय पप्पी राय राघवेन्द्र पटेल सहित सभी साथीगण उपस्थित रहे। सेवा भाव से किए गए इस आयोजन की यात्रियों और स्थानीय लोगों ने खूब सराहना की।

# नाली सफाई के बाद मलबा सड़क पर छोड़कर गए पंचायत कर्मी, बौछार में फैली गंदगी

**नवभारत/ गोटेगांव।** जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत बौछार में सफाई अभियान ही ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। बीते दिनों सरपंच-सचिव के निर्देश पर ग्राम की नालियों की सफाई कराई गई थी। लेकिन पंचायत कर्मियों द्वारा नालियों से निकाला गया मलवा घरों के सामने सड़कों पर ही छोड़ दिया गया। उसे हटाने की जहमत किसी ने नहीं उठाई। अब लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क पर रखा पूरा नाली का मलवा बहकर इधर-उधर फैल रहा है। यह गंदा पानी और कीचड़ सीधे लोगों के घरों में घुस रहा है। साथ ही पूरे मोहल्ले में गंदी बदबू फैल गई है।



सफाई के नाम पर परेशानी सड़क पर पड़ा नाली का मलवा बीमारी का खतरा

ग्रामवासियों का कहना है कि खुले में पड़े इस मलवे से मच्छर और बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। घरों के सामने से निकलना भी मुश्किल हो गया है।




# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों ने विशाल रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** सोमवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के किसानों ने अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कृषि उपज मंडी परिसर से लेकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए तहसील कार्यालय में पहुंच कर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार तेंदूखेड़ा को सौंपा है। सौंपें गये ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि शासन द्वारा मात्र 25 प्रतिशत ही मूंग खरीदे जाने की घोषणा की गई है जो अनुचित है किसानों की पूरी 100 प्रतिशत मूंग खरीद की जाये।साथ ही टोकन सिस्टम प्रणाली से खाद को लेकर किसान परेशान बनें हुए हैं तत्काल प्रभाव से इस व्यवस्था में सुधार किया जाये व्यवस्था पूर्ववत करते हुए खाद्य की पर्याप्त व्यवस्था की जाये तथा बरसात को देखते हुए मूंग उपज छोटे कांटों से तौल में काफी विलंब होगा इसलिए बड़े तौल धरमकांटों पर ही तुलाई कराई जाये यदि उनकी इन मांगों पर शीघ्र अमल नहीं हुआ तो किसान बड़ी संख्या में एकत्रित होकर एक विशाल आंदोलन करने मजबूर होंगे।

## कर्मचारियों ने लिया मानसिक स्वास्थ्य ऑनलाइन प्रशिक्षण

**साईखेड़ा, नरसिंहपुर।** शासकीय महाविद्यालय साईखेड़ा में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश, सतपुड़ा भवन, भोपाल के निर्देशानुसार ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेशभर के महाविद्यालयों के लिए किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक फैकल्टी सदस्यों तथा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, भावनात्मक सहयोग, सकारात्मक शिक्षण वातावरण के निर्माण तथा आवश्यक परामर्श सेवाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# अधूरी सड़क और खुले चैंबर : रिप्टा मोहल्ला बना हादसों का गढ़

▶ सड़क नहीं, मौत का फंदा बजरंग वार्ड की अधूरी सीसी सड़क पर रोज हो रहे हादसे

**नवभारत/ गोटेगांव।** नगरीय प्रशासन की लापरवाही बजरंग वार्ड के रिप्टा मोहल्ले के लिए जानलेवा बन गई है। बरसों पहले बनी सीसी सड़क का एक टुकड़ा आज भी अधूरा पड़ा है और इसी के साथ 2 खुले चैंबर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। हनुमान मंदिर से किशन लाल खटीक के घर तक ठेकेदार ने सड़क अधूरी छोड़ दी थी। नतीजा - बारिश में कीचड़, में धुआं और रोज नए हादसे। स्कूल के बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक परेशान,



वार्डवासियों का दर्द छलक पड़ा। उनका कहना है कि इसी सड़क पर बने 2 खुले चैंबर के गड्ढों में स्कूली छात्र-छात्राएं, महिलाएं और बुजुर्ग आए दिन गिर रहे हैं। छुटपुट नहीं, रोज की घटना बन गई है। शिकायत करते-करते थक गए, लेकिन नगर पालिका के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। सड़क के नाम पर सिर्फ मुसीबत मिली है स्थानीय लोगों ने गुस्से में कहा। वार्डवासियों ने दो टूक मांग की है - अधूरी सड़क तुरंत बनाई जाए और खुले चैंबरों को तुरंत बंद किया जाए। चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो सभी मिलकर नरसिंहपुर कलेक्टर की जनसुनवाई में गुहार लगाएंगे।

### इनका कहना



इस संबंध में नगर पालिका सीएमओ सत्येंद्र सालवार ने कहा - सड़क की जानकारी संज्ञान में है। उपयंत्री को निर्देश दे दिए गए हैं। जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा। अब देखना है कि सीएमओ का जल्द कब हकीकत बनता है, या फिर बजरंग वार्ड को और हादसों का इंतजार करना पड़ेगा।

**सीएमओ** गोटेगांव

# मेहरा समाज की मासिक बैठक संपन्न

**नवभारत/ साईखेड़ा।** मेहर, गढ़वाल समाज कल्याण परिषद मध्यप्रदेश क्षेत्रीय समिति साइखेड़ा की नियमित मासिक वैठक ग्राम मिढ़वानी देवरी में शिवकुमार गढ़वाल के द्वारा श्री राम जानकी मंदिर में आयोजित की गई। बैठक का संचालन रेवा सिंह मेहरा रिटायर राजस्व निरीक्षक द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोवर्धन सिंह मेहरा उदयपुरा जिला रायसेन द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में मनीराम मेहरा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश कुमार मेहरा की गौरवपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉक्टर अंबेडकर के तेल चित्र पर माल्यार्पण अर्पित किया गया तत्पश्चात सभी उपस्थित तिथियां



का उसे फॉर्म से स्वागत किया गयावैठक में समिति अध्यक्ष श्री गोविन्द प्रसाद गढ़वाल साईखेड़ा द्वारा दूसरे कार्य काल के एक साल पूरे होने पर आय व्यय का लेखा प्रस्तुत किया गया द्य उद्बोधन की श्रृंखला में सभी अतिथियों द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज को आगे बढ़ाने हेतु संगठित होकर काम करने की बात कही गई द्य समाज के उत्थान हेतु विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को भी बंद करने की बात रखी गई जिसका सभी लोगों द्वारा समर्थन भी किया गया द्य समिति द्वारा पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में किए गए विभिन्न सामाजिक कार्यों को सभी सामाजिक बन्धुओं के समक्ष रखा गया एवं आने वाले एक साल की कार्य योजना भी सभा में रखी गई ।

## जल गंगा संवर्धन अभियान को मिला जनभागीदारी का संबल

**नरसिंहपुर।** जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में नरसिंहपुर जिले के 171 शासकीय विद्यालयों ने अनुकरणीय पहल करते हुए अपने परिसरों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किए हैं। इस कार्य ने शासकीय विद्यालयों को केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण की व्यवहारिक प्रयोगशाला और सामाजिक जागरूकता के प्रेरणा केंद्र के रूप में स्थापित किया है। कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग द्वारा जल संरक्षण को लेकर व्यापक अभियान संचालित किया गया।

## ग्वारी से बागेश्वर धाम तक पद यात्रा




तेंदूखेड़ा विगत दिवस समीपी ग्राम ग्वारी से बागेश्वर धाम तक श्रद्धालुओं का एक जत्था रवाना हुआ है।इस पदयात्रा में लगभग 15 महिला पुरुष एवं बच्चे भी शामिल हैं।

# गोटेगांव में मूंग एवं उड़द उपार्जन का शुभारंभ, किसानों की सुविधा पर विशेष जोर

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जायद सीजन में किसानों द्वारा उत्पादित मूंग एवं उड़द फसल के उपार्जन का कार्य शासन के निर्देशानुसार प्रारंभ हो गया है। गोटेगांव में मूंग एवं उड़द उपार्जन का शुभारंभ मणिनागेंद्र फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह पटेल तथा उप संचालक कृषि आर.पी. झारिया की उपस्थिति में किया गया। उप संचालक कृषि आर.पी. झारिया ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उपार्जन कार्य पूरी जिम्मेदारी, तत्परता और पारदर्शिता के साथ संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को उनकी उपज का समय पर लाभ मिले, इसके लिए सभी अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें। उपार्जन कार्य के शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास सहित संबंधित नोडल अधिकारी एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

**भू-माफिया** ▶ भू-माफिया और खेती की भेंट चढ़े गांव के पारंपरिक जल स्रोत

# केवल कागजों तक सिमटे जलाशय

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां शासन जल संवर्धन और जल ही जीवन है पानी को सहेजने की दिशा में तरह तरह के अभियान चला रही है। वहीं दूसरी तरफ चांवरपाठा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत बनीं हुई है। क्षेत्र के लगभग हर गांव में पारंपरिक जल संवर्धन के लिए बनाए गए तालाब आज अपना अस्तित्व खो चुके हैं। कहीं तालाबों की छाती पर बेखौफ होकर खेती की जा रही है तो कहीं भू माफियाओं और रसूखदारों ने इन पर पक्का कब्जा जमा लिया है। तो बच्चे खैल मैदान के रुप में उपयोग कर रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि जिम्मेदार राजस्व विभाग के पास इस बात का पुख्ता और अपडेटेड रिकॉर्ड ही नहीं है कि तहसील के अंतर्गत कुल कितने तालाब दर्ज हैं और उनमें से कितनों पर अवैध कब्जा हो चुका है।

### कागजों तक सीमित रह गई जल संवर्धन योजनाएं

क्षेत्र में लगातार गिरते भूजल स्तर के कारण हर साल गर्मियों में हाहाकार मचता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि गांवों के इन पुराने तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराकर उनका जीर्णोद्धार किया जाए तो जल संवर्धन की एक बेहतरीन कार्ययोजना तैयार की जा सकती है। इससे न केवल मवेशियों के लिए पानी उपलब्ध होगा बल्कि कूपों और नलकूपों का जलस्तर भी सुधरेगा। लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण जल संवर्धन की योजनाएं सिर्फ बैठकों और कागजों तक सिमट कर रह गई हैं।

### पहले पैमाइश हो फिर चले बुलडोजर

क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और किसानों ने मांग की है कि राजस्व विभाग तत्काल प्रभाव से चांवरपाठा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायतों में छोटे बड़े तालाबों पोखरों और जल संरचनाओं की सूची तैयार करे। उनकी शासकीय सीमाओं का सीमांकन किया जाए और जितने भी रसूखदारों ने इस पर खेती या निर्माण कार्य कर रखा है।उन्हें बेदखल कर तालाबों को मुक्त कराया जाए।

### तालाबों का हो सर्वे

तहसील के सभी गांवों के राजस्व रिकॉर्ड खसरा नक्शा को खंगालकर तालाबों की वास्तविक संख्या और रकबा क्षेत्रफल उजागर किया जाए। खेती कर रहे या कब्जा जमाए बैठे लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो।

## विद्यार्थियों को मिलेगा राज्य स्तर तक पहुंचने का अवसर

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद तथा स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से मध्यप्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कलाओं, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों एवं पर्यटन संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराने और पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन जिला स्तर पर शुक्रवार 7 अगस्त 2026 को किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी (छात्र-छात्राएं) भाग ले सकेंगे। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय, चाहे वे राज्य बोर्ड, केन्द्रीय बोर्ड अथवा अन्य।

# छात्र-छात्राओं को किया गया साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक

▶ गाडरवारा क्षेत्र के 4 विद्यालयों के लगभग 700 छात्र-छात्राओं ने साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता की

**नवभारत/नरसिंहपुर।** विद्यार्थियों को डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन गेमिंग, सोशल मीडिया, फर्जी लिंक, क्ख्ह फ्रॉड एवं साइबर बुलिंग से बचाव के उपाय बताए गए। साइबर सुरक्षा शपथ दिलाकर विद्यार्थियों को स्वयं जागरूक रहने एवं अपने परिवार और मित्रों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल



पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार संचालित सेफ क्लिक-2.0 अभियान के अंतर्गत नरसिंहपुर पुलिस द्वारा जिलेभर में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में गाडरवारा क्षेत्र अंतर्गत काबरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल, क्रेयॉन इंटरनेशनल स्कूल, दक्ष इंटरनेशनल स्कूल एवं पीएम श्री स्कूल के लगभग 700 छात्र-छात्राओं के लिए श्री भवन में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराधों की पहचान तथा उनसे बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी देकर सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था।